तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



13 एनएमडीसी डीएव्ही पालीटेक्निक में प्रोडक्ट ...



14 परवी शाला में एचएम ने बच्चों को न्योता भोज में खीर...




## खबर संक्षेप



### कर्रामाड़ में मातृ पालक सम्मेलन में हुईं स्पर्धाएं

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत प्राथमिक शाला कर्रामाड में विकास खंडस्तरीय मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। अतिथियों ने कहा कि मातृ पालक सम्मेलन के माध्यम से समुदाय व माताओ को स्कूल से जोड़ने से बच्चों के सर्वागीण विकास में मदद मिलती है। इस अवसर पर माताओ के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रधानपाठक कृष्ण सोम, बल्लूराम रावटे, हरिशचन्द्र, रतनूराम माहला, एबीईओ अजंनी मंडावी, बीआरसी लतीफ सोम, शशि सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

### सेन समाज की वार्षिक सभा व सम्मान समारोह मार्च में

कांकेर। श्रीवास सेन समाज कांकेर के द्वारा वार्षिक महासम्मेलन व नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सेन समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत सम्मान समारोह 3 मार्च दिन सोमवार सिदेसर में आयोजित किया गया है। समाज के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व जिला मिडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, अध्यक्षता शेलेन्द्र कौशिक अध्यक्ष श्रीवास सेन समाज परिक्षेत्र कांकेर, विशिष्ट अतिथि कमलेश रानू सेन पार्षद नगर पंचायत चारामा, कैलाश सेन अध्यक्ष सर्व सेन समाज जिला कांकेर, चन्द्रिका सेन पंच ग्राम पंचायत बोगर सम्बलपुर, त्रिवेणी सेन पंच ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार, यामिनी सेन पंच ग्राम पंचायत कोकपुर, किरण सेन ग्राम पंचायत नवागांव ▶▶| शेष पेज 12 पर

## परीक्षा : नकल रोकन के लिए की व्यापक तैयारी, परीक्षकों की होगी पैनी नजर

# दो दिन बाद 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 130 केंद्रों पर होंगी एवं उड़न दस्ते गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्रों का रिजल्ट देखकर इस साल बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट की उम्मीद की जा रही है। प्री-बोर्ड परीक्षा में 12 वीं में जिला का रिजल्ट प्रदेश में दूसरे नंबर पर और 10 वीं में तीसरे नंबर पर रहा। परिणाम की स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी इस परफार्मेंस को और बेहतर करने की कोशिश में लगे रहे। दो दिन बाद बोर्ड परीक्षा शुरू हो जाएगी। शिक्षा विभाग इसकी तैयारी में जुटा हुआ है।

जिले में 130 परीक्षा केंद्र बनाए गए है, इन परीक्षा केंद्रो में छात्रों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जा चुकी है। सभी परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाएं भेजी जा चुकी हैं। यह परीक्षा सामग्री निकटतम थाने में जमा है। परीक्षा के दिन ही सावधानीपूर्वक इन सामग्रियों को परीक्षा केंद्र तक लाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से शुरू होगी। पहले दिन 12 वीं की परीक्षा हिन्दी पर्चे से शुरू होगी, जिसके लिए 8290 छात्र दर्ज है। दूसरे दिन 10 वीं कक्षा की परीक्षा होगी, जिसके लिए छात्रों की दर्ज संख्या 11480 है।

### खास बातें

- प्री बोर्ड परीक्षा में कांकेर जिला 12 वीं में दूसरे और 10 वीं में तीसरे स्थान पर रहा
- सभी परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाएं भेजी जा चुकी हैं, बैठक सुनिश्चित



### 27 उड़नदस्तों का गठन

कांकेर जिले में नकल के प्रकरण बहुत कम आते हैं। इसके बाद भी सावधानी के तौर पर 27 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसमें से 3 टीम जिलास्तरीय है, यह टीम पूरे जिले के परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेगी। विकासखंड स्तर पर भी टीम बनाई गई है जिसमें कांकेर विकासखंड में 3 टीम, नरहरपुर विकासखंड में 4 टीम, चारामा विकासखंड में 4 टीम, भानुप्रतापपुर विकासखंड में 4 टीम, अंतागढ़ विकासखंड में 3 टीम, दुर्गूकोंदल विकासखंड में 2 टीम, कोयलीबेड़ा विकासखंड में 4 टीम का गठन किया गया है।

### प्री बोर्ड के परिणाम रहा संतोषजनक

बोर्ड परीक्षा से पहले शिक्षा विभाग ने प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया था। इस परीक्षा में सरकारी स्कूल के छात्र शामिल हुए। 10 वीं कक्षा में 239 स्कूल के 7814 छात्र में से 7624 छात्रों ने परीक्षा दिलाई थी जिसमें से 6693 छात्र पास हुए और परीक्षा का रिजल्ट 87.79 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में 142 स्कूल के 7026 छात्र दर्ज थे, इनमें से 6913 छात्र ने परीक्षा दिलाई और 6067 छात्र पास हुए। परीक्षा का रिजल्ट 98.39 प्रतिशत रहा। पूरे प्रदेश में कांकेर जिला 12 वीं में दूसरे स्थान पर और 10 वीं में तीसरे स्थान पर रहा।

### परिणाम बेहतर रहेगा प्रयास जारी

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने प्री बोर्ड और बोर्ड की परीक्षा की तैयारी को लेकर बताया कि प्री बोर्ड का परिणाम ठीक रहा था, उसमें सुधार के लिए परिणाम आने के उपरांत और भी प्रयास किया गया। छात्रों से काउंसलिंग करके उनकी तैयारी के लिए मदद किया गया। बोर्ड की परीक्षा की पूरी तैयारी हो चुकी है और नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का भी गठन किया जा चुका है। परीक्षा केंद्रो को परीक्षा सामग्री का भी वितरण किया जा चुका है।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध, प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त



कांकेर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सम्पूर्ण जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने पर प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी ने इस आशय का आदेश जारी कर कहा है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित की जाने वाली वर्ष 2025 की हायर सेकण्डरी, हाईस्कूल, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 01 मार्च से 28 मार्च के मध्य आयोजित होगी, इससे विद्यालयीन परीक्षा के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में कोई व्यवधान न हो। इसे दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ कोलाहल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-4 एवं धारा-6 के अंतर्गत तीव्र संगीत, हार्नटाइप, ध्वनि विस्तारक का उपयोग अनुज्ञा के बिना तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण जिला में प्रतिषेध किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा-7 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक चलाए जाने के लिए जिले के संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार (कार्यपालिक दण्डाधिकारी) को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्राधिकृत अधिकारियों को परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाए जाने हेतु नियमानुसार अनुमति के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा प्राप्त आवेदन पत्र का परीक्षण कर पृथक से अनुमति आदेश जारी करने निर्देशित किया गया है। अनुमति की सूचना संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारी तथा कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित करने कहा है। यह आदेश 28 फरवरी तक प्रभावशील रहेगा तथा इन आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## जिपं और जनपदों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव की सूचना जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के ग्राम पंचायतों का प्रथम सम्मिलन एवं उप सरपंच, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही करने

- ग्राम पंचायतों में उप सरपंच निर्वाचन के लिए भी सम्मिलन की तिथि घोषित

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों का प्रथम सम्मेलन, उप सरपंच निर्वाचन के लिए सरपंच, पंचों को प्रथम सम्मिलन आयोजन करने की सूचना 27 फरवरी को जारी की गई है। उप सरपंच निर्वाचन हेतु पंचों को सूचना जारी करने की तिथि 03 मार्च निर्धारित की गई है। इसी तरह उप सरपंच निर्वाचन हेतु सम्मिलन आयोजित करने एवं उप सरपंच निर्वाचन को अधिसूचित करने की तिथि 08 मार्च नियत की गई है। इसी प्रकार जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु सदस्यों को सूचना आज जारी की गई है, जिसके अनुसार सम्मिलन आयोजित करने, प्रकाशन की अधिसूचना जारी करने एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों को प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी करने की तिथि 04 मार्च तथा जनपद पंचायत के प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन करने की तिथि 07 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। इसके अलावा जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए सम्मिलन आयोजित करने, निर्वाचन प्रकाशन की अधिसूचना जारी करने तथा जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी की तिथि 05 एवं जिला पंचायत प्रथम सम्मिलन (विशेष) का आयोजन करने की तिथि 10 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।

### अस्मिता सिटी लीग के तहत होगी खोखो स्पर्धा 3 को

कांकेर। राज्य शासन द्वारा खेलो इंडिया योजना के तहत अस्मिता सिटी लीग की शुरूआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के बीच खेल को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि महिलाओं को खेल के प्रति प्रेरित कर उनकी उभरती हुई प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अस्मिता सिटी लीग अंतर्गत खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन खेल परिसर सिंगारभाट खेल मैदान में 03 मार्च को सुबह 09 बजे से किया जाएगा। उक्त तिथि को ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कथावाचक इंद्रदेव महाराज का चारामा में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



पूज्य गुरुदेव यज्ञ पीठाधीश्वर राष्ट्रीय संत युग प्रवर्तक क्रांतिकारी धर्म सम्राट स्वामी इंद्र देव महाराज गुरूवार 27 फरवरी की शाम को चारामा में आगमन हुआ, जहाँ उनके भक्तो के द्वारा रेस्ट हाउस के सामने स्वागत और सम्मान फूल मलाओ से किया गया। भक्तो से मिलने और चर्चा करने के बाद कांकेर के लिए प्रस्थान किए। कांकेर में 28 फरवरी से महाराज इंद्रदेव के श्रीमुख से कथा का आयोजन होगा। महाराज ने चारामा नगर में 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक अपनी कथा करने की अनुमति भी दे दीं, वही चारामा नगर में आयोजन को लेकर उनके भक्तो के द्वारा शुक्रवार 28 फरवरी की शाम 07 बजे डीजे बाजार के पीछे प्रेम नाग के घर पास बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पड़ोसन से गाली-गलौज और मारपीट, थाने में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बांदे थानांतर्गत महिला ने पड़ोसी के खिलाफ गाली देते हुए जान से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

बांदे थाना में शिकायत करने पहुँची पीव्ही 100 जयरामनगर निवासी 30 वर्षीय कमला मण्डल पति मोहन मण्डल ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी को गांव के सचिन शील के घर बैठने गई थी। मैं बैठकर जब अपने घर जाने लगी तो उसी समय शाम करीबन 5 बजे सचिन शील के घर के सामने गांव का शरद मण्डल आ गया और मुझे बोला कि मेरी पत्नि को पैदल राशन दुकान क्यों लेकर गई थी, बोलते हुए मेरे को गाली देने लगा और हाथ मुक्का से मेरे पीठ व हाथ को मारा है, तब मैं बोली कि वह अपनी मर्जी से मेरे साथ पैदल राशन दुकान गई थी, बोलने ▶▶| शेष पेज 12 पर

## छात्रों के लिए शेड बनाने और पार्क बनाने के विषय पर की चर्चा

# घड़ी चौक-पंडरीपानी की निर्माणाधीन सड़क का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





घड़ी चौक से पंडरीपानी तक निर्माणधीन सड़क का कलेक्टर नीलेशकुमार क्षीरसागर सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया और अभी तक निर्माणधीन सड़क का निरीक्षण करते हुए विभाग प्रमुख और ठेकेदार को कार्य में गति लाने निर्देशित किया। इसके अलावा घड़ी चौक से नरहरदेव तक खाली मैदान के उपयोग पर रणनीति तैयार किया गया। पीजी कॉलेज के सामने भी छात्रों के लिए शेड बनाने और पार्क बनाने को लेकर चर्चा किया गया। जानकारी के अनुसार घड़ी चौक से पंडरीपानी तक निर्माणधीन सड़क के कार्य की गति बहुत धीमी होने पर कलेक्टर ने विभाग पर नाराजगी जताया और कार्य में गति लाने के लिए निर्देशित किया। नगरपालिका और बिजली विभाग से अपनी व्यवस्था को जल्द ठीक करने के लिए निर्देशित किया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दिया कि नगरपालिका को पाईप लाईन हटाने और सीएसईबी को पोल हटाने के लिए तीन माह पहले ही राशि विभाग को हस्तांरित किया जा चुका है। कलेक्टर ने नगरपालिका से पाईपलाईन हटाने और सीएसईबी को बिजली पोल हटाने के लिए निर्देशित किया। पंडरीपानी में ठेकेदार के द्वारा बनाई जा रही पुलिया में गति लाने के लिए कहा। वन विभाग के अमले को पेड़ काटने के लिए निर्देशित किया गया। ठेकेदार ने बताया कि सीएसईबी और नगर पालिका के द्वारा पाईप और पोल हटा लेने के बाद कार्य में गति आएगी। पाईप और पोल नहीं हटने के कारण कार्य में गति नहीं आ पा रही है। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने घड़ी चौक में नरहरदेव विद्यालय जाने वाले मार्ग और उसके आसपास खाली स्थान के उपयोग के बारे में कलेक्टर को जानकारी दिया। कालेज के सामने गार्डन बनाने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, मुहल्लेवासी शिव श्रीवास्तव व अन्य लोगों ▶▶| शेष पेज 12 पर


**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969





## खबर संक्षेप

### शपथ ग्रहण समारोह को लेकर महापौर ने ली पार्षदों की बैठक



**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे व सभी पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी को लेकर आज शाम भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में महापौर सहित जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, जिला मंत्री नरसिंह राव, कोषाअध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, राजेंद्र बाजपेई, मनोहर दत्त तिवारी सहित पार्षदगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत में भाजपा को स्पष्ट बहुमत



**जगदलपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी हुये भाजपा समर्थित 10 जिला पंचायत सदस्यों की परिचयात्मक बैठक गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में संगठन के द्वारा आहूत की गयी। जिसमें जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, सांसद महेश कश्यप, दिनेश कश्यप, रूपसिंह मण्डावी उपस्थित थे। जिले के 15 जिला पंचायत सदस्यों में भाजपा समर्थित 10 जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी विजयी होकर आये है। जिला पंचायत में भाजपा को स्पष्ट बहुमत हासिल हुआ है। बैठक में जिला अध्यक्ष ने समस्त विजयी भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्यों से स्पष्ट बहुमत प्राप्त होने पर हर्ष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व कर्मठ प्रयास से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता ने भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को आशीर्वाद प्रदान कर विजयी बनाया है। बड़ी जीत बड़ी जिम्मेदारी लेकर आती है। क्षेत्र के विकास व जनता जनार्दन की प्रत्येक समस्या के समाधान के लिये नवनिर्वाचित प्रत्याशी दिन रात कार्य करें। साथ ही इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं का सहयोग भी लें। भाजपा समर्थित सभी विजयी 10 जिला पंचायत सदस्य कल शुक्रवार को पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप के नेतृत्व में एक साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट करने राजधानी रायपुर रवाना होंगे।

### यूजीसी ड्राफ्ट 2025 का जिला एनएसयूआई ने किया विरोध

**जगदलपुर।** शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने यूजीसी ड्राफ्ट रेगुलेशन 2025 के खिलाफ पर्चा बांटकर विरोध किया। एनएसयूआई प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के निर्देश पर जिला अध्यक्ष विशाल खम्बारी के नेतृत्व मे पर्चे बांटकर इस ड्राफ्ट के खतरनाक परिणामों के बारे में छात्र- छात्राओं को अवगत कराया गया। यूजीसी ड्राफ्ट रेगुलेशन 2025 में प्रस्तावित नीतियों को लेकर छात्रों का कहना है कि यह शिक्षा प्रणाली के निजीकरण और कॉर्पोरेट नियंत्रण को बढ़ावा देने की एक साजिश है।

# पांचवीं-आठवीं के छात्र - छात्राओं को समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्राथमिक शाला बोरगांव एवं उच्च प्राथमिक शाला बोरगांव में आज पांचवी एवं आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद प्रधानाध्यापक ने अपने प्रेरणादायी शब्दों के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और बच्चों को कड़ी मेहनत और अनुशासन के महत्व को समझाया।

**शिक्षकों व सीनियर विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को किया साझा**



**विद्यालय में बिताए गए सुनहरे पलों को किया याद**

*विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय में बिताए गए सुनहरे पलों को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए। पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रोचक बनाया। जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी अपने सीनियर्स के लिए विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और शुभकामना पत्र प्रदान किए। शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।*

## कार्रवाई : एसडीएम कर करे सफाई अभियान का निरीक्षण

# स्वच्छता अभियान 2025 की तैयारी गंदगी फैलाने वालों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी को लेकर अफसरों द्वारा स्वच्छता सहित अन्य चीजों को लेकर निरीक्षण किया जा रहा है। गंदगी फैलाने वाले और प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करने वालों पर एसडीएम ने जुर्माना लगाया है।

- प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करने वालों पर भी कार्रवाई

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एसडीएम कोंडागांव अजय उरांव द्वारा गुरुवार को शहर में स्वच्छता का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रातःकालीन बस स्टैंड परिसर में चाय ठेले के पास गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करने वालों को भी जुर्माना किया गया। उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि प्लास्टिक बैग का उपयोग किया गया, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




**वार्डवासियों को नालियों में घर का कचरा नहीं फेंकने की हिदायत**

एसडीएम कोंडागांव ने विकास नगर में नालियों का भी निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वार्डवासियों को नालियों में घर का कचरा नहीं फेंकने की हिदायत दी। इसके अलावा उन्होंने डीएन के वार्ड स्थित एसएलआरएम केंद्र का भी निरीक्षण किया। स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुसार तैयारी जारी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे, सहायक अभियंता विजय मेहरा, स्वच्छता प्रभारी संतोष साहू और जिला समन्वयक रिया तिवारी भी मौजूद रहे।

**नपं अमले ने सार्वजनिक शौचालय का किया निरीक्षण**

*नगर पंचायत फरसगांव में भी 27 फरवरी को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी को लेकर शहर का भ्रमण किया गया। इस दौरान फरसगांव शहर के वार्डों और चौक–चौराहों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। डोर टू डोर कलेक्शन की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र एसएलआरएम सेंटर एवं कंपोस्टिंग शेड का भी निरीक्षण किया गया। कचरा संग्रहण रजिस्टर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। नगर पंचायत अमले द्वारा सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, प्रत्येक वार्ड में कम से कम दो स्थानों पर वॉल पेंटिंग करने के निर्देश दिए गए ताकि नगर की स्वच्छता में और सुधार हो सके।*

# नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मनीषा ठाकुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिव प्रकाश त्रिपाठी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में हुई। बैठक में जिला कोण्डागांव के थाना प्रभारी, उप निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक उपस्थित रहे। इसमें 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा की गई।

- आबकारी, ट्रैफिक चालान और अन्य सामान्य अपराधों के मामलों को तेजी से निपटाने पर जोर

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मनीषा ठाकुर ने विशेष रूप से आबकारी अपराध, ट्रैफिक चालान और अन्य सामान्य अपराधों के मामलों को तेजी से निपटाने पर जोर दिया। उन्होंने लोक अदालत के सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति पर भी चर्चा की। थाना प्रभारियों ने बैठक में सहमति जताते हुए आश्वासन दिया कि थाने के स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि लोक अदालत का आयोजन प्रभावशाली और सफल हो। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई। इस पहल से न्यायिक प्रक्रिया को गति मिलने और अधिक से अधिक मामलों के समाधान की उम्मीद की जा रही है।

# कोंडागांव बंधा तालाब गार्डन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** ऐतिहासिक बंधा तालाब गार्डन के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार कार्यों की गति तेज हो गई है। लाखों रुपये की लागत से चल रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का गुरुवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन म्यूजिकल फाउंटेन फ्लोर, फूड कोर्ट और तालाब किनारे हो रहे कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर दुदावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने गार्डन के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि यह प्रोजेक्ट कोंडागांव शहर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

- सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार कार्यों में आई तेजी

**ये कार्य कराए जा रहे-** म्यूजिकल फाउंटेन फ्लोर का निर्माण, फूड कोर्ट का निर्माण, तालाब किनारे का सौंदर्यीकरण, पेड़–पौधों का रोपण, बच्चों के खेलने के लिए झूले और अन्य उपकरण, लाइटिंग व्यवस्था शामिल हैं। यह प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद बंधा तालाब गार्डन कोंडागांव शहर के लोगों के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन जाएगा।

## एसपी ने कहा- नक्सलियों के बहकावे में न आएं भटके हुए युवा मुख्यधारा में हों शामिल

# शिवरात्रि में कांटाबास कैम्प में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम में उमड़े ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महाशिवरात्रि के अवसर पर बस्तर जिले के कांटाबास कैम्प में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम में क्षेत्र के आधा दर्जन ग्राम के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए एसपी शलभ सिन्हा ने भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में शामिल होने तथा किसी भी असामाजिक तत्व के बहकावे में नहीं आने स्वयं तथा ग्रामीण विकास के अवसर तलाशने एवं पुलिस विभाग एवं प्रशासन के प्रति सहयोगात्मक पूर्ण आचरण रखने के संबंध में अपील किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के लिए महाभण्डारा का आयोजन किया गया था तथा मौजूद ग्रामीणों में जरूरत के सामानों का वितरण किया गया।

जानकारी के मुताबिक बस्तर जिले के कांटाबास कैम्प के ग्राम कांटाबास में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में कांटाबास के अलावा ग्राम बिन्ता, सतसपुर, धमार्बेड़ा, ककनार, एरार्कोडेर, करेकोट, चंदेला, महिमा, भेजा, पुसपाल, कोडेनार व इमलीधार के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में जरूरत के सामान मच्छरदानी, कंबल, चप्पल, लूंगी, टी-शर्ट तथा युवाओं को वॉलीबाल किट, क्रिकेट किट, कैरमबोर्ड, फुटबॉल कीट, महिलाओं को साड़ी एवं बर्तन, विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई संबंधी सामग्री एवं खेलकूद सम्बधित सामग्रीयों का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के लिए कुर्सी दौड़, रस्साकसी, मटकी फोड़ आदि का आयोजन भी किया गया था। इन स्पर्धाओं में अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



- भण्डारे का आयोजन कर ग्रामीणों व युवाओं में जरुरत के सामान का किया वितरण

**एसपी ने ग्रामीणों की समस्या सुनी और किया निराकरण**

*कार्यक्रम के दौरान एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों के विभिन्न समस्या को सुना गया एवं साथ ही उसके निराकरण के संबंध में आश्वस्त किया। एसपी ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहेगा। इस अवसर पर एसपी के अलावा एएसपी (नक्सल ऑप्स) योगेश देवांगन, सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल, डीएसपी (नक्सल ऑप्स) भारसिंह मण्डावी, डीएसपी बस्तर फाईटर संगम राम, एसडीओपी लोहण्डीगुड़ा ईश्वर प्रसाद त्रिवेदी, आरआई अभिजीत सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी डेमनलाल भुआर्य, बलित तिग्गा, चौकी प्रभारी ककनार वेदलाल नाग के अलावा एक हजार से अधिक ग्रामीण व जनप्रतिनिधी मौजूद थे।*

# कोंडागांव के रोजगार मेला में 140 युवाओं को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 'सबको रोजगार, सबको अवसर' के विजन को साकार करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन में करियर सेंटर कोंडागांव के तत्वावधान में आज लाइवलीहुड कालेज कोंडागांव में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

इस रोजगार मेले का उद्देश्य जिले के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करना और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाना था। इस अवसर पर जिले के कुल 173 युवाओं ने भाग लिया। जहां विभिन्न 10 निजी कंपनियों ने उपस्थित रहकर उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। कंपनियों ने उम्मीदवारों के कौशल और योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। साक्षात्कार के बाद कुल 140 युवाओं का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। जिससे जिले में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है। इस सफल आयोजन के माध्यम से युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। जिससे जिले में रोजगार एवं स्वरोजगार को नई गति मिलेगी।



# जंगल में आग नहीं होने पर फायर वाचर व बीट गार्ड होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जंगल में आग नहीं होने पर क्षेत्र के फायर वाचर, बीट गार्ड को सम्मानित किया जाएगा। उक्त बातें कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान कोटमसर रेंज के ग्राम मांझीपाल में गुरुवार को आयोजित अग्नि रोकथाम पर वन मंडल स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला, वन अग्नि सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम में जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने कही। उन्होंने कहा कि जंगल सभी की धरोहर है, जिसे आग से बचाएं। जंगल में पेड़ों के सूखे पत्तों को एकत्र कर जला रहे है, जिससे जंगल में आग न हो सके। वन रक्षकों के अलावा स्थानीय ग्रामीणों और जंगलों की जानकारी रखने वाले आसपास गांव के ग्रामीणों को आग बुझाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिससे आग की घटना होने पर वह तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे बुझा सकें और आग की घटना होने पर उसे किस तरह से निपटा जा सके इसकी जानकारी दे रहे हैं। कोई संसाधन उपलब्ध न होने पर भी मौके पर मौजूद संसाधनों से ही आग बुझाने का प्रयास करें।

- जंगल सभी की धरोहर है, जिसे आग से बचाएं : दुग्गा
- मांझीपाल में हुई अग्नि रोकथाम पर वन मंडल स्तरीय कार्यशाला



**गांव को सुंदर बना सके**

कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान निदेशक चूड़ामणी सिंह ने ग्रामीणों को कहा कि जंगल को आग से बचाएं और अवैध काष्ठ का परिवहन, वन्य जीवों का शिकार का रोकथाम करें। बांस राफ्टिंग में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें, जिससे गांव को सुंदर बना सकें। एसडीओ कमल तिवारी ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

**आग नहीं होने का लिाने सकंल्प**

कार्यशाला में सीसीएफ, डीएफओ एवं एसडीओ ने फायर वाचर, वन विभाग के कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को देवी-देवताओं की शपथ लेकर आग नहीं होने का सकंल्प दिलाया। आग होने की सूचना वन विभाग को देंगे, जिससे आग पर काबू पा सकें।

## पेज 11 के शेष

### सेन समाज की...

भावगीर , निर्मला सेन पंच ग्राम पंचायत जैसाकर्रा चारामा होंगे। समाज के सचिव हरिशंकर सेन ने बताया की रातभर चलने वाले इस महासम्मेलन में वर्ष भर के कार्यो के रुपरेखा तय करने के साथ-साथ वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा।

### कथावाचक इंद्रदेव...

एवं आयोजन समिति भी बनाई जाएगी। महाराज इंद्रदेव के स्वागत में वार्ड पार्षद उत्तम साहू, पार्षद मंजू सोनकर, सुभाष सोनकर, मदन जैन, धर्मेंद्र साहू, पुनाराम सिंन्हा,कृष्ण नागराज, अमृत देवांगन, प्रेम नाग, सरिता नाग, पी भोजवानी, कौशिल्या देवदास, स्वदेश शुक्ला, शेखर सोनकले, तरुण देवदास, महेश सोनकर सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

### पड़ोसन से गाली...

से शरद मण्डल अचानक आवेश में आकर कहने लगा कि तुझे जान से मार दूंगा बोलते हुये मारपीट किया है। मारपीट से मेरे पीठ व दाहिने हाथ में चोट आई है। घटना को गांव के मालती बाला, मोनिका शील जोशना सैनी, सुबीर मण्डल, अंजो शील देखे व सुने है एवं बीच बचाव किए हैं। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलापु धारा 296, 115(2), 351 2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अस्मिता सिटी लीग...

जिले के अंडर-19 महिला प्रतिभागियों को खेल परिसर सिंगारभाट के खेल मैदान में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित कराने तथा आयु वर्ग के लिए प्रतिभागियों का आधार कार्ड लगाने के लिए संबंधित विभाग के संस्था प्रमुखों कहा गया है।

### घड़ी चौक-पंडरीपानी...

ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। घड़ी चौक से पंडरीपानी तक बनने वाली सड़क की माँग लंबे समय से किया जा रहा था और इस सड़क के बन जाने से कांकेर शहर के लिए यह मार्ग बाईपास के काम आएगी। सरंगपाल, पंडरीपानी, डुमाली व नरहरपुर के लोगों को यह मार्ग बहुत ही लाभप्रद होगा। इस क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क को जल्द बनाने के लिए विभाग को प्रयास करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2 मार्च को

**सुकमा।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार बालिकाओं और महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं महिला खेल के प्रति वातावरण तैयार करने हेतु जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महिला खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला-सुकमा के तीनों विकासखण्ड सुकमा, कोटा और छिंदगढ़ में 2 मार्च को विकासखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### वार्षिक परीक्षा के चलते ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

दंतेवाड़ा। कार्यालय कलेक्टर से जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में शालेय एवं महाविद्यालय वार्षिक परीक्षा प्रारंभ होने के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों के अध्ययन कार्य को व्यवधान रहित करने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा छग कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 6(2) एवं 10(2) के साथ पठित भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए संपूर्ण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में समस्त ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है यह आदेश जारी होने की तिथि से 15 मई तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्ण समय के लिए लागू रहेगा।

## निधन

### अप्सरा पाणिग्राही

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग मुख्यालय से सटे ग्राम आसना निवासी अप्सरा पानीग्राही (90) पति स्व. विनायक प्रसाद पानीग्राही का गुरुवार की शाम साढ़े 6 बजे निवास में निधन हो गया। पिछले दो-तीन वर्ष से अस्वस्थ्य थी। उपचार के बाद गृह निवास में ही थी। आज शाम एकाएक अंतिम सांस ली। वे आसना हायर सेकंडरी स्कूल के गणित संकाय के व्याख्याता सुरेश इंद्र पानीग्राही की माता एवं शिवांश पानीग्राही की दादी थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार की सुबह 9 बजे गृह ग्राम आसना से निकलेगी।

### ग्राम पंचायत एर्राबोर के सरपंच पद को लेकर बवाल

# हारे प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र

## रात भर तहसील कार्यालय के सामने बैठे रहे जीते प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बसा एर्राबोर ग्राम पंचायत में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण चुनाव में एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां सरपंच पद में जीत हासिल किए प्रत्याशी को प्रमाण पत्र नहीं देते हुए हारे प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दे दिया गया है।

गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत एर्राबोर के लिए सरपंच पद पर भाजपा समर्पित प्रत्याशी श्रीमती कट्टम लक्ष्मी व कांग्रेस

■ मतगणना पर्ची में दर्ज आंकड़ों में कर दिया गया खेला

समर्पित प्रत्याशी श्रीमती आस जोगी सरपंच पद के प्रमुख दावेदार थे। भाजपा प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह गिलास छाप था तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी का छाप चश्मा छाप था। एर्राबोर में कुल चार मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिसमें मतदान केंद्र क्रमांक 109 में आस जोगी को 165 एवं कट्टम लक्ष्मी को 88 मत मिलने की जानकारी मतदान दल द्वारा दोनों सरपंच पद के एजेंटों को दिया जाता है और गणना पर्ची नहीं दिया जाता है और वहीं अन्य मतदान केंद्र क्रमांक 110 में आस जोगी को 202 और कट्टम लक्ष्मी को 76 और मतदान केंद्र क्रमांक 111 में आस जोगी को 90 और कट्टम लक्ष्मी को 173 और मतदान केंद्र क्रमांक 112 में आस जोगी को 70 और कट्टम लक्ष्मी को 129 मत प्राप्त होते है। इस प्रकार सभी मतदान केंद्रों की गणना पश्चात आस जोगी को मिले कुल मतों की संख्या 527 एवं कट्टम लक्ष्मी को मिले मतों की संख्या 466 होती है। जिसके बाद आस जोगी के कार्यकर्ता उसे वोट दिए ग्रामीणों द्वारा आज जोगी की जीत 61 मतों से होना मानते हुए विजय रैली तक निकाल देते है और एक दुसरे को बधाई देते है।

मतदान संपन्न होने के बाद 24 फरवरी को सभी मतदान दलों की पेटी जमा होने बाद 25 फरवरी के कुछ जीते प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिया जाता है और आस जोगी को इसकी जानकारी नहीं होने कारण वह अपना प्रमाण पत्र लेने तहसील कार्यालय कोंटा नहीं पहुंच पाती है और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि की छुट्टी होने का हवाला देते हुए रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण नहीं किया जाता है। जिसके कारण कोई चुने गए जनप्रतिनिधि तहसील मुख्यालय नहीं पहुंचते है। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि 26 तारीख के आठ बजे कट्टम लक्ष्मी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जीत का प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। जिसकी सूचना मिलने पर आस जोगी अपने समर्थकों के साथ कोंटा तहसील पहुंचती है और रात भर तहसील कार्यालय के सामने सुबह तहसील कार्यालय खुलने तक अपने एजेंट के साथ बैठी रहती है। सुबह अपने समर्थकों के साथ रिटर्निंग ऑफिसर से मिल सारी जानकारी देते हुए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी से न्याय व पंचायत राज अधिनियम की धारा 122 के तहत अपील आवेदन देती है।





### मतदान दल के अधिकारियों ने कहा आस जोगी के साथ गलत हुआ अब दोषी कौन

इस पूरे मामले को लेकर मतदान दल में शामिल महिला दल भयभीत नजर आ रहे है और आज रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार गिरीश निंबलकर के समक्ष मतदान संपन्न कराए दल के महिला अधिकारियों ने मतदान क्रमांक 109 में आस जोगी को 165 और कट्टम लक्ष्मी को 88 मत प्राप्त होने तथा गणना पर्ची मतदान केंद्र में गणना के दौरान मौजूद एजेंटों को नहीं भर कर देने एवं पन्ने में नोट कराकर हस्ताक्षर कर देने की बात स्वीकार करते हुए मतदान सामग्री जमा करते समय किसी दुसरे पुरूष शिक्षक द्वारा गलत पर्ची आपके द्वारा भरा गया करके पर्ची भर पीठासीन अधिकारी से हस्ताक्षर सील लगा कर जमा कराने की बात कही जा रही है। अब सवाल यह उठता है कि वह कौन अन्य शिक्षक है जो प्राप्त मतों की गणना पर्ची में उलटफेर कर किया गया और पीठासीन अधिकारी उस पर हस्ताक्षर सही गलत की जांच किए बगैर कैसे हस्ताक्षर सील लगा दी।

## छात्रों को परीक्षा के समय तनाव मुक्त रहने के दिए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय के मनोवैज्ञानिक विभाग द्वारा छात्रों को परीक्षा के समय में तनाव मुक्त रहने एवं अपने आप को स्वस्थ रखने जैसे विषयों पर परिचर्चा रखी गई थी। इस परिचर्चा में डॉ. दिनेश लहरी एवं शैलेश चन्द्राकर द्वारा छात्रों को बताया गया कि नियमित मेडिटेशन, पोषक एवं सुपाच्य भोजन और साधारण जीवन शैली के द्वारा भी हम बहुत हद तक अपने मस्तिष्क को सक्रिय रख सकते है जो हमारी पढ़ाई में अति आवश्यक है। तत्पश्चात उन्होंने, पढ़ाई करने हेतु रणनीति, विषय से संबंधित मुख्य बिंदुओं पर फोकस करके उसके आंतरिक तथ्यों को समझने की प्रवृत्ति, विषयों की पुनरावृत्ति के संबंध में भी छात्रों को जानकारी दी। व्याख्याता द्वय ने छात्रों को समझाइश दी कि पढ़ाई के समय खुशनुमा माहौल बनाए। तथा विषय से संबंधित तथ्यों की आपस में चर्चा अवश्य करें। इसके अलावा परीक्षा के समय किसी निराशाजनक बातों की ओर ध्यान नहीं जाना चाहिए।

## कलेक्टर ने छिंदगढ़ विकासखंड का किया औचक निरीक्षण

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने छिंदगढ़ विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न शासकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सबसे पहले रोकेल पंचायत पहुंचे। वहां उन्होंने डीएवी स्कूल और पोटाकेबिन आश्रम का निरीक्षण किया और बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात वे कुकानार पंचायत में स्थित आत्मानंद स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त दवाओं को उपलब्धता और ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को लगातार फील्ड भ्रमण करने और स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे पंचायत में पीएम आवास योजना के तहत बने नवीन आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें जल्दी से निर्माण कार्य पूर्ण करने की अपील की। इसी तरह से कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद बालिका स्कूल तोंगपाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तोंगपाल, अतिरिक्त कक्ष निर्माण और बालक हायर सेकेंडरी स्कूल तोंगपाल का औचक निरीक्षण किया। तोंगपाल के पश्चात कलेक्टर बालिका आश्रम टाहकवाड़ा पहुंचे जहाँ उन्होंने शिक्षकों की उपलब्धता, बच्चों की उपस्थिति और बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था की जाँच की। उन्होंने बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बच्चों के नियमित स्वास्थ्य जाँच कराने निर्देशित किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे से नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## एनएमडीसी डीएव्ही पालीटेक्निक में प्रोडक्ट मार्केट फिट थीम पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रोडक्ट मार्केट फिट पर कार्यशाला आयोजित की गई। आईआईसी के द्वारा आयोजित द्वितीय क्वार्टर की कार्यक्रम के तहत यह कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में डॉ. के श्रीधर असिस्टेंट प्रोफेसर एलआईईटी अतिथि वक्ता के रूप में ऑनलाइन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को सफल उद्यमी बनने हेतु मार्गदर्शन किया गया। सेल्स से संबंधित सभी पहलुवो को उन्होंने अपने व्याख्यान में बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोडक्ट की गुणवत्ता के बारे में बताया और कहा कि किस तरह वो मार्केट में अपनी पहचान बना सकता है। कार्यशाला में महाविद्यालय के सभी फैकल्टी एवं स्टाफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने सवाल वक्ता से किए। अतिथि वक्ता ने उनके सवालों का जवाब दिया एवं उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रेरित भी किया। गौरतलब है कि महाविद्यालय को भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय से थ्री स्तर रेटिंग प्रदान की गई है जो कि बस्तर जोन में एक मात्र महाविद्यालय है। महाविद्यालय ने यह गुणवत्ता लाकर राज्य में पॉलिटेक्निक संस्थानों में अग्रणी भूमिका अर्जित की है।

आईआईसी समय समय पर इस तरह के आयोजन करता आया है जिससे विद्यार्थियों में स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलती रहे। अंत में प्राचार्य ने अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया।

## तसर किसानों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन



**बस्तर।** बनियागांव गांव में तसर किसानों के लिए 5 दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण सीबीटी कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बेसिक सीड मल्टीप्लिकेशन ट्रेनिंग सेंटर बीएसएमटीसी, बस्तर द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य तसर किसानों को वैज्ञानिक रेशम उत्पादन प्रथाओं में कौशल और ज्ञान में सुधार करना था। डॉ. बीटी रेड्डी वैज्ञानिक सी ने रेशम उत्पादन में उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान कोंडागांव जिले के 23 किसानों को रेशम कीट पालन, कीट और रोग प्रबंधन सहित रेशम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षुओं को हाथों-हाथ प्रशिक्षण और रेशम उत्पादन में नवीनतम प्रौद्योगिकियों के संपर्क में भी रखा गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. बीटी रेड्डी वैज्ञानिक-सी बीएसएमटीसी बस्तर, तकनीकी कर्मचारी उर्मिला नाग, ताहिर सिद्दीकी, जी. गोपाल राव द्वारा किया गया था और छत्तीसगढ़ सरकार के रेशम विभाग द्वारा समर्थित किया गया था। समापन समारोह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन को चिह्नित किया, जिसका क्षेत्र में तसर किसानों की आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

## बागी सारिता पाणिग्रही और बनवासी मौर्य ने जीतकर दिखा दी अपनी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

जिला पंचायत बस्तर के दो निर्वाचन क्षेत्रों से भाजपा के दो बड़े बागी नेताओं की जीत ने भाजपा के फैसले पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस चुनाव में निर्वाचित भाजपा नेत्री सारिता पाणिग्रही और बनवासी मौर्य की शानदार जमीनी पकड़ देखने को मिली है। ये दोनों निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य लंबे समय से भाजपा से जुड़े हैं और आज भी उनके मन में भारतीय जनता पार्टी के प्रति उतनी ही आस्था है, जितनी पहले थी। इन दोनों नेताओं की बकावंड ब्लॉक में जमीनी पकड़ बेहद मजबूत है और इसी के दम पर वे चुनाव जीतकर आए हैं।

जिला पंचायत बस्तर के चुनाव के अंतिम चरण में क्षेत्र क्रमांक 8 से सरिता जितेंद्र पाणिग्रही ने बीजेपी समर्थित प्रत्याशि को बड़े अंतर से हरा दिया है। वहीं क्रमांक 9 से बनवासी मौर्य ने भी बीजेपी समर्थित प्रत्याशी को पराजित किया है। इन क्षेत्रों के लोगो का कहना है कि इन दोनों ने बागी होकर भी अपने-अपने क्षेत्र में कमल खिला दिया है। जानकारों का कहना है कि किसी कारण या राजनीतिक विरोध के चलते इन्हें पार्टी के जिला संगठन के कुछ लोगों द्वारा दरकिनार किया गया था, अतः इन्हें बीजेपी का समर्थन नहीं मिला किंतु इन्होंने अपनी पकड़ बनाई है और अपनी जीत सुनिश्चित कर ली। सारिता पाणिग्रही, उनके पति जितेंद्र पाणिग्रही और बनवासी मौर्य बस्तर जिले में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। ये भाजपा के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं। जितेंद्र और सारिता पाणिग्रही तथा बनवासी मौर्य शुरू से भाजपा से जुड़े रहे हैं और हमेशा पार्टी के सिद्धांतों पर चलते हुए जनसेवा में अग्रणी रहे हैं। समाज के हर वर्ग के सुख दुख में ये तीनों नेता हमेशा सहभागी बनकर उनका कष्ट हरते रहे हैं। जनपद व जिला पंचायत और जिला प्रशासन के सहयोग से जन समस्याओं को दूर करने के लिए भी वे हमेशा तत्पर रहते रहे हैं। यही वजह है कि जनता के बीच उनकी लोकप्रियता आसमानी बुलंदियों तक पहुंच चुकी है। यही छवि और लोकप्रियता सारिता पाणिग्राही एवं बनवासी मौर्य की जीत के मुख्य कारक रहे हैं। सारिता और बनवासी की इस जीत ने भाजपा के प्रत्याशी चयन के फैसले पर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर पार्टी ने किस मापदंड के तहत प्रत्याशी चुने थे। वैसे ये दोनों अभी भी पार्टी के प्रति निष्ठावान हैं, बशर्ते पार्टी नेतृत्व उनके सम्मान का ध्यान रखे।



■ भारतीय जनता पार्टी के बागी नेताओं का दिखा दम

## लंबित आवेदनों एवं जनदर्शन से जुड़े प्रकरणों के समुचित निराकरण पर दिया गया जोर

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में नियद नेल्लानार योजना की एंट्री, सेचुरेशन, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के लिए उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, वन विभाग, मछली पालन विभाग को वीटीपी रजिस्ट्रेशन कराने, आरएमएसए के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, जिले में पीएम श्री स्कूलों के मॉनिटरिंग, धरती आबा जनजाति ग्राम आदर्श उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, राज्य में 6 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करना एवं पोषण ट्रैकर पोर्टल में आधार अपडेट करने, आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन मरम्मत कार्य जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, जनपद पंचायत गीदम, जनपद पंचायत कटेकल्याण, जनपद पंचायत कुआकोंडा, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, आस्था किरन्दुल की प्रगति, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत कैम्प लगाकर कार्य किये जाने, छत्तीसगढ़ राज्य में कृषक पंजीयन अभियान सीएससी द्वारा संचालन एवं भुगतान किये जाने, सभी विभागों एवं कार्यालयों में 31 मार्च 2025 तक ई-ऑफिस प्रणाली में स्थानांतरित जैसे साप्ताहिक समय सीमा बिन्दुओं पर कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए।

## गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिंजाम का सराहनीय निर्णय





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जनपद पंचायत गीदम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिंजाम में ग्राम बैठक के दौरान सरपंच, पंच, सचिव, द्वारा

■ ग्राम के घुमन्तु पशुओं पर नियंत्रण रखने के लिए चरवाहे की व्यवस्था

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले आवारा घुमन्तु पशुओं की देखभाल हेतु चरवाहे की नियुक्ति की जाएगी। जो प्रतिदिन पशुओं को चराने की जिम्मेदारी लेगा। इसके अलावा ग्राम का कोई भी परिवार अपने मवेशियों को खुले में विचरण करने नहीं देंगे।

ग्राम पंचायत के इस सराहनीय फैसले से न केवल ग्रामीणों की फसल सुरक्षित रहेगी साथ ही सड़क यातायात भी प्रभावित नहीं होगा। क्योंकि अक्सर यह पाया गया है कि मार्गो में जहां तहां बैठने वाले मवेशियों के वजह से भी सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है।

## एक अद्भुत और रोमांचक अनुभव दे रही कांगेर नाला की बैंबू राफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान से लगे गांव मांझीपाल में बैंबू राफ्टिंग के लिए राजनांदगांव के मोहला से गुरूवार को 11 पर्यटक पहुंचकर रोमांचक का अनुभव लिया। इसमें से पर्यटक निर्मल एवं दिनेश ने बताया कि अखबारों में मांझीपाल के बैंबू राफ्टिंग की समाचार पढ़ कर पहुंचे हैं। बांस राफ्टिंग जो सांस्कृतिक रूप से जड़ित और पर्यावरण, अनुकूल गतिविधि है, पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों का ध्यान आकर्षित कर रही है। मांझीपाल के कांगेर नाला में बांस राफ्टिंग एक अद्भुत और रोमांचक अनुभव प्रदान करती है, जो पर्यटकों को प्रकृति से जोड़ती है। बताया जा रहा है कि बैंबू राफ्टिंग का उद्देश्य पर्यटकों को रोमांचक अनुभव प्रदान करना और सतत पर्यटन को बढ़ावा देना है।



यह परियोजना क्षेत्र की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता को उजागर करने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के लिए आजीविका के अवसर उत्पन्न करने के लिए डिजाइन की गई है। इको-डेवलपमेंट समिति ने सुरक्षा प्रोटोकॉल, उपकरणों के उचित रखरखाव और पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया है। संरचित योजना और उत्साह के साथ यह परियोजना क्षेत्र में एक प्रमुख इको-पर्यटन आकर्षण बनने की संभावना रखती है। बताया जा रहा है कि स्थानीय समुदाय के सहयोग से इको-डेवलपमेंट समिति ने संचालन का जिम्मा संभाला है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया गया है। इस पहल ने क्षेत्र में रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर उत्पन्न किए हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

**आर्थिक रूप से होंगे मजबूत-** इको-डेवलपमेंट समिति के सदस्य रैयतू एवं मंगलराम ने बताया कि वे बेरोजगार होकर परेशान रहे पर कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान की ओर से मांझीपाल के कांगेर नाला में बैंबू राफ्टिंग से रोजगार मिला, इससे उनका और परिवार की आर्थिक रूप से मजबूत हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को कांगेर नाला में 300 मीटर आधे घंटे तक राफ्टिंग करते हैं।

## बस्तर अंचल के सुदूर कोलेंग के आधा दर्जन से अधिक स्कूलों में टॉयलेट नहीं, बच्चे हलाकान

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के सभी सातों ब्लाक के सड़क किनारे स्कूलों में बच्चों की सुविधा के लिए टॉयलेट की सुविधा बहाल है, लेकिन जिले के सुदूर नक्सल संवेदनशील इलाके के शालाओ में अधिकारियों की लापरवाही की वजह से आवश्यक सेवा में सम्मलित बाथरूम की व्यवस्था नहीं है। हम बात कर रहे दरभा ब्लाक के नक्सल संवेदनशील क्षेत्र कोलेंग की। यहां आधा दर्जन से ज्यादा स्कूलों में पिछले 5-6 सालों से बाथरूम पूरी तरह से जर्जर होकर अनुपयोगी हो चुके हैं। छोटी बालिकाओं को प्रसाधन में काफी समस्या आ रही है, शौचालय निर्माण के लिए पिछले कुछ वर्षों से प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिलने से स्थिति जस के तस है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# फाइलेरिया से बचाव एवं कृमि से मुक्ति के लिए 24238 लोगों को दी गई दवा

**राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुरुवार को तोकापाल विकासखण्ड में 168 बूथ बनाकर एवं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एमडीए कॉर्नर बनाकर फाईलेरिया से बचाव एवं कृमि से मुक्ति हेतु संध्या 5 बजे तक 24238 लोगों को दवा सेवन कराया गया।

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार विकासखंड तोकापाल में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से कुल 168 बूथ बनाकर एक सप्ताह में कुल 86194 जनसंख्या को दवा सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस हेतु विकासखण्ड को चार सेक्टर में विभक्त कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तोकापाल द्वारा सम्बन्धित विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर अलग से निर्देश दिया गया है। साथ ही विकासखण्ड के सभी कोटवारों को कार्यक्रम के दो दिवस पूर्व से मुनादी करने हेतु कहा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साब द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण कर तीनों विभाग के अमलों को विद्यालयों में आवश्यक जानकारी दी गयी थी, और संबंधित विभागों द्वारा लगातार प्रचार-प्रसार भी किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सम्मानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी लिया जा रहा है। कार्यक्रम को सम्पन्न बनाने हेतु तीनों विभाग के विभाग प्रमुखों के अतिरिक्त बीपीएम अल्का वैद्य एवं बीईई जिली मण्डावी को सेक्टरवार निगरानी हेतु जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही कुष्ठ सहायक शिवनारायण पाण्डे को स्थानीय बोली में प्रचार-प्रसार का दायित्व दिया गया था।




**छूटे हुए को घर-घर जाकर दी जाएगी दवा**

एक सप्ताह में तोकापाल विकासखण्ड में दवा खिलाने का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जायेगा। जो लोग किसी कारणवश बूथ में नहीं आ सकेंगें उन्हे चार दिन पश्चात 3 मार्च से घर-घर जाकर फाईलेरिया (हाथीपांव) एवं कृमि से बचाव हेतु दवा सेवन कराया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### हानपतरी में माता पहुंचानी मनाई

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम हानपतरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार 27 फरवरी को माता पहुंचानी का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने शीतला माता की पूजा-अर्चना कर खुशहाली की कामना किया। यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है।

### रासेयो ए प्रमाण पत्र परीक्षा में स्वयंसेवकों का बेहतर प्रदर्शन

**कांकेर।** शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उमावि में ए प्रमाण पत्र परीक्षा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएल पटेल की अनुशंसा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी आबिद खान ने बताया कि प्राचार्य आर.पी. एस. ठाकुर के निर्देशन में विद्यालय के 118 स्वयंसेवकों में 84 बालक एवं 34 बालिकाओं में कक्षा 12 वीं के 50 पात्र स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना संहिता के निर्धारित दो वर्षों में 240 घंटे कार्य पूर्ण कर परीक्षा देने पात्र हुए, राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयं सेवकों के अंदर भाईचारा, ईमानदारी, समर्पण, त्याग, संवेदना ,राष्ट्रभक्ति, सेवाभाव, आदि भाव का जन्म होता है। बाहय परीक्षक सपना पांडे पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय थी। महादल नायक विकास नेताम, दल नायक सिमरन कवाची, शाक्षी कोमरा, विभा मटियारा, निहारिका, शामलाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरिता भास्कर, छबिलाल यादव, कमलेश मिश्रा, कामता कुरेटी, हेमलाल साहू, सुनीता मिश्रा, पवन सेन, शकुंतला तारम, सुनीता सिंह, रेखा दुबे, अलका शेट्टी, नलिनी मिश्रा, हेमलता ठाकुर, मोहनलाल जैन, सरोज वाला नेगी, पूर्णिमा गजबल्ला, जितेंद्र सलाम, भगवती जैन, शशिकला सलाम, कुसुमलता सोम, सीमा चतुर्वेदी, खूबचंद साहू उपस्थित रहे।

### 12 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

## निधन

### भागीराम ठाकुर



**चारामा।** विकासखंड चारामा अंतर्गत ग्राम जुनवानी निवास भागीराम ठाकुर (72) का आकस्मिक निधन आचनक हदयघात रूकने के कारण निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम जुनवानी में किया गया, जिसमें ग्रामवासी, रिश्तेदार, महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे ग्रामीण विस्तार अधिकारी उद्यानिकी एमएस ठाकुर, शिक्षक महेश ठाकुर के पिता एवं बहू श्याम ठाकुर के ससुर थे।

## शपथग्रहण में शामिल होंगे डिप्टी सीएम सहित प्रदेश अध्यक्ष

# महापौर के साथ पार्षद लेंगे एक मार्च को शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम के महापौर संजय पांडे के साथ पार्षदगण 1 मार्च शनिवार को दंतेश्वरी मंदिर के सामने सुबह 10.30 बजे पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। दो दिन पहले गुरुवार सुबह कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने महापौर सहित निगम आयुक्त निर्भय साहू टीम के साथ पहुंचे थे। शनिवार को शपथ ग्रहण मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। जबकि प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। समारोह में कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे।

- महापौर एवं निगम आयुक्त ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा



इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, निवर्तमान महापौर सफिरा साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी, कमलचंद्र भंजदेव, पूर्व विधायक संतोष बाफना, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही सभी समाज प्रमुख, अधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### मिली 30 सीटों पर जीत

नगर निगम चुनाव में इस बार भाजपा ने 30 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि कांग्रेस को 16 और निर्दलीय को 2 सीटें मिली है। यह शपथ ग्रहण समारोह नगर निगम के इतिहास में एक नई दिशा की शुरुआत करने वाला होगा। जहां शहर के विकास व नागरिकों के लिए बेहतर योजनाओं पर ध्यान दिया जाएगा। राजनीति से जुड़ी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शहर विकास को लेकर कई अहम बातें व घोषणाएं हो सकती है।

### प्राथमिकता से पूरे होंगे काम

नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे ने कहा कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में जिन कामों को बर्बाद किया है उसे प्राथमिकता में पूरा किया जाएगा। जो कहा है वो कर के दिखाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्प मिशन 2047 विकसित भारत के तहत हम दीर्घ और अल्पकालीन योजना बनाकर शहर को बेहतर स्वरूप देंगे।

## कलश यात्रा...



**जगदलपुर।** मैत्री संघ द्वारा संचालित श्री श्री शिव काली मंदिर का स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मां काली की विशेष पूजा अर्चना की जाएंगी। हवन पूणार्हुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। स्थापना दिवस पर पूजा अर्चना के लिए गुरुवार को महिलाओं ने कलश यात्रा निकली और इंद्रावती नदी पहुंच कर पवित्र जल लाया गया।

## महाशिवरात्रि पर भूतेश्वर महादेव मंदिर में महाभंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर पर स्थित प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। पंडित रोमितराज त्रिपाठी ने बताया धार्मिक अनुष्ठान में 108 दंपतियों ने रुद्राभिषेक किया। ततपश्चात अर्ध रात्रि में श्रीहरी एवं महादेव के मिलन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण भक्तजन शामिल हुए,जो अर्धरात्रि तक इस कार्यक्रम में शामिल रहे और पूजन का लाभ लिया। तत्पश्चात दूसरे दिन भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर स्थित देव सराय में विशाल भंडारा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालु भक्तगण शामिल हुए और भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

- 108 जोड़ो ने पार्थिव लिंग में रुद्राभिषेक कर भगवान भूतेश्वर की पूजा

मंदिर में भव्य धार्मिक अनुष्ठान आचार्य एव पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया।

इस दौरान 108 दंपतियों ने विधिवत रुद्राभिषेक किया, जबकि अर्धरात्रि में श्रीहरि और महादेव के मिलन समारोह का विशेष आयोजन हुआ, जिसमें नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आधी रात तक पूजा-अर्चना में शामिल रहे। इसके साथ ही, महाशिवरात्रि के अगले दिन भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित देव सराय में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आस्था प्रकट की। भंडारे के दौरान संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय संगीत संस्थान के कलाकारों ने भक्तिमय प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को देर शाम तक मंत्रमुग्ध किया।

## नवाचार के अंतर्गत विद्यार्थियों ने देखा प्रिंटिंग प्रेस के कार्य

**जगदलपुर।** नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में संभावनाओं को जानने-समझने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के विद्यार्थियों ने गुरूवार को प्रिंटिंग प्रेस का विजिट किया। विद्यार्थियों ने इस दौरान न केवल रिपोर्टिंग, राईटिंग व एडिटिंग के प्रायोगिक प्रक्रिया को देखा बल्कि प्रिंटिंग प्रक्रिया के बटर पेपर, पेस्टिंग, प्लेट मेकिंग, क्लीनिंग, प्रिंटिंग, कटिंग, ब्लेंडिंग इत्यादि कार्य को भी लाइव देखा। स्टूडेंट्स ने अखबार में प्रयोग हो रहे स्यान, मैजेंटा, ब्लैक एवं येलो कलर के कम्बीनेशन को जाना। विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल इकाई के तहत यह एक्सपोजर विजिट मनोविज्ञान, लाईब्रेरी साइंस एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला द्वारा आयोजित किया गया।

## कलेक्टर ने गोल बाजार विकास कार्य का किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने गुरुवार को गोल बाजार विकास कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने गोल बाजार को व्यवस्थित करने सहित सौंदर्यीकरण के लिए तैयार कार्ययोजना के आधार पर सभी कार्यों को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं गोल बाजार के व्यवसायियों को दुकानें उपलब्ध कराने के लिए काम्प्लेक्स निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ज्ञात हो कि गोल बाजार विकास के तहत कुल 46 दुकानों का दुमंजिला कॉम्प्लेक्स निर्मित किया जा रहा है, जिसमें बेसमेंट पर पार्किंग तथा भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल में व्यवसायियों के लिए दुकानें शामिल है।

## परवी शाला में एचएम ने बच्चों को न्योता भोज में खीर-पूरी खिलाई



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला परवी में शाला के प्रधान पाठक अनिल भगाड़े के द्वारा धर्मपत्नी स्मिता भगाड़े के पुण्यतिथि पर 27 फरवरी को बच्चों को न्योता भोज करवाया गया जिसमें खीर, पुड़ी,भजिया,हलुआ दाल, चांवल व सब्जी खिलाया गया। संस्था के प्रधानपाठक के द्वारा कहा गया कि इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं, इस तरह के मानवीय प्रयास यह दर्शाते हैं कि यादें सिर्फ दिलों में नहीं बल्कि समाज के प्रति सेवा और समर्पण से भी जीवित रखी जा सकती है,न्योता भोज कार्यक्रम में उपस्थित नव निर्वाचित सरपंच ग्राम पंचायत परवी राजेन्द्र ध्रुव ने कहा कि न्योता भोज कार्यक्रम शासन प्रशासन द्वारा चलाई जा रही महती योजना है इससे स्कूलों में बच्चों व पालकों की उपस्थिति शाला में बढ़ी है शिक्षकों के साथ ग्रामीण जनों का लगाव बढ़ा है, लोग एक दूसरे को समझ रहे हैं। न्योता भोज कार्यक्रम में शाला परिवार के शिक्षक राजेश चतुर्वेदी, दसरूराम, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भारती नेताम, सुमित्रा मंडावी सदस्य कलेश्वरी मंडावी, सुरेखा मंडावी, मनोतिन मंडावी,रेखा कोड़ोपी, महिमा पांडेय, टोमिन साहू, थानूराम मंडावी, जन्नूराम उपस्थित रहे।

## आंबा कार्यकर्ता ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**भानुप्रतापपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोहणी मंडावी के द्वारा बालवाड़ी के बच्चों के साथ शासकीय प्राथमिक शाला परवी में न्योता भोज करवाया गया। सभी बच्चों को केक व मिठाई बाटकर मुँह मीठा करवाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा बच्चों को हलवा बनाकर खिलाया गया, गांव के अधिकांश ग्रामीण जन जन्मोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होकर न्योता भोज व जन्मोत्सव कार्यक्रम का आनंद लिया, इसी बीच ग्राम के नव निर्वाचित सरपंच राजेन्द्र ध्रुव का आत्मीय स्वागत अभिनन्दन किया गया। सरपंच का शाला परिवार के समस्त शिक्षकों के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। सरपंच ने कहा कि न्योता भोज कार्यक्रम कोई भी व्यक्ति अपनें खुशियों के समय या परिवारजनो के याद में शाला परिवार में आकर मना सकता है। इससे बच्चों में उत्साह बढ़ता है, लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं।

आज के कार्यक्रम में अनिल भगाड़े, राजेश चतुर्वेदी, दसरू राम,थानु मंडावी भारती नेताम, सुमित्रा मंडावी सुरेखा मंडावी, कलेश्वरी मंडावी व अन्य सम्मिलित हुए।

## एकलव्य विद्यालय की प्रवेश परीक्षा दो मार्च को 18 केंद्रों पर होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 02 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इसके लिए जिले में 18 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर कांकेर, शासकीय प्रेक्टीसिंग कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांझापारा कांकेर, पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा व शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसकोट भानुप्रतापपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल, शासकीय बालक माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल और शासकीय कन्या माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंतागढ़, शासकीय राजेश पवार उच्चतर माध्यमिक बालक विद्यालय अंतागढ़, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार अंतागढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयलीबेड़ा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पखांजूर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्हांने जानकारी दी है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा हेतु कुल 3732 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 3543 विद्यार्थियों के आवेदन पत्र पात्र पाए गए तथा 189 विद्यार्थियों के आवेदन अपात्र पाए गए। उक्त प्रवेश परीक्षा चयन परीक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

## बच्चों को शिक्षा एवं कौशल विकास की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




222 वीं वाहिनी केरिपुबल के द्वारा विजेन्द्र सिंह कमाण्डेन्ट 222 बटालियन के दिशा-निर्देश में सुबोध कुमार द्वितीय कमान अधिकारी 222 बटालियन केरिपुबल के नेतृत्व में मीडिया एक्सन प्लान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीजापुर जिला के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र गंगालूर एवं आस-पास के क्षेत्रों से स्कूली बच्चों को बीजापुर भ्रमण एवं वनभोज हेतु लाया गया। इस दौरान लगभग 50 से 60 की संख्या में बच्चे शामिल हुए जिनके लिए जलपान, भोजन, प्रशिक्षण एवं भ्रमण की व्यवस्था की गई। मीडिया एक्शन प्लान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता और सफाई, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, जैविक कृषि, दालों और बाजरा की खेती, शिक्षा एवं कौशल विकास, जलवायु परिवर्तन, सरकारी कार्यालयों का संरक्षण, सामूहिक खेल इत्यादि विषयों पर जानकारी प्रदान करना था। जहां एक ओर देश के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में सशस्त्र नक्सलियों से लड़ने के लिए सीआरपीएफ और कोबरा जैसी सक्षम सेनाओं द्वारा लगातार सैन्य अभियान चलाए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर वैचारिक लड़ाई के लिए गृह मंत्रालय द्वारा मीडिया एक्शन प्लान कार्यक्रम स्थानीय नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों में वैचारिक मतभेद को कम करने और भावी पीढ़ी को तैयार करने में मदद कर रहा है, जिससे देश के प्रति सम्मान, देश के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ देश की वर्तमान प्रगति को समझने और अपने लिए प्रगति की दिशा चुनने में मदद मिलेगी।

- 222 बटालियन का मीडिया एक्सन प्लान कार्यक्रम

मीडिया एक्शन प्लान कार्यक्रम में ओमप्रकाश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ अनंथा कृष्णन जे. वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ राखी राज वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, बी. वेंकेट रेड्डी, उप. कमाण्डेन्ट, ललित किशोर उप. कमाण्डेन्ट, 222 बटालियन केरिपुबल, एन.जी.ओ बीजापुर एवं बीजापुर जिला के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा स्कूली बच्चों को स्वच्छता और सफाई, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, जैविक कृषि, दालों और बाजरा की खेती, शिक्षा एवं कौशल विकास एवं जलवायु परिवर्तन इत्यादि विषयों पर के संबंध में व्याख्यान दिया गया।

